प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश को सिंगापुर से मिले एक लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे ये एमओयू।
2. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में रैन बसेरा भवन और रेडियोलॉजी सुविधाओं का किया शुभारम्भ।
3. मथुरा के बरसाना में आज खेली गई विश्व प्रसिद्ध लड्डूमार होली : प्रमुख मंदिरों में किये गये सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम। और
4. कुशीनगर में थाई महोत्सव के अंतिम दिन निकाली गई भगवान बुद्ध की अस्थि कलश शोभा यात्रा : नेपाल, तिब्बत और हिमालयी क्षेत्रों से पहुंचे बौद्ध धर्मावलंबी।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दो दिवसीय सिंगापुर दौरे के दौरान प्रदेश को विभिन्न कंपनियों से 1 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिसमें इन्वेस्ट यूपी के साथ 60 हजार करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन भी शामिल हैं। दो दिनों में विभिन्न क्षेत्रों की कंपनी के शीर्ष अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने संवाद कर प्रदेश

में इंफ्रास्ट्रक्चर, एविएशन और डिजिटल इंफार्मेशन जैसे क्षेत्रों में निवेश को लेकर चर्चा की।

श्री योगी ने सिंगापुर दौरे के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हुए कायों की चर्चा अब दुनियाभर में हो रही है। यही वजह है कि दूसरे देश प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित हो रहे हैं। बाइट.....

*कल से अब तक जो हमें प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, इनमें लगभग ₹1 लाख करोड़ के प्रस्ताव उत्तर प्रदेश में इन्वेस्टमेंट के भी प्राप्त हुए हैं, जिनमें 60,000 करोड़ के एमओयू हमारी जो टीम है इन्वेस्ट यूपी के साथ में अब तक यहां पर संपन्न हो चुके हैं और सभी लोगों को अच्छा लग रहा है कि यूपी के अंदर प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में जो मेहनत हुई है, आज उसका प्रकाश और उसकी यशगाथा देश ही नहीं दुनिया के अंदर भी लोगों को सुनाई दे रही है और लोग बहुत सकारात्मक भाव के साथ यूपी के अंदर अपना निवेश करने के लिए एक सोचते हैं।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगापुर की विभिन्न कंपनियों के साथ हुए एमओयू प्रदेश में निवेश, रोजगार और वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। बाइट.....

*यूपी के उन संभावनाओं को जो इन्वेस्टमेंट के लिए, एंप्लॉयमेंट के लिए और 1 ट्रिलियन की इकोनॉमी की दिशा में यूपी को आगे बढ़ाने के लिए जो आवश्यक है, उसके लिए यह सभी कार्यक्रम हमारे सफलतापूर्वक आगे बढ़े हैं और मेरा विश्वास है, यह जो एमओयू यहां पर हो रहे हैं, यह सभी यूपी को +1 ट्रिलियन की इकोनॉमी को बनाने की दिशा में मिल के पत्थर साबित होंगे।*

सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन प्रदेश सरकार ने एविएशन सर्विस सेक्टर की अग्रणी कंपनी के साथ महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अत्याधुनिक कार्गो कैंपस और विश्वस्तरीय एयर कैटरिंग किचेन स्थापित होगा। इसके अलावा इन्वेस्ट यूपी एक अन्य समझौते के तहत सिंगापुर की कम्पनी के साथ मिलकर प्रदेश में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के लिए काम करेगी। मुख्यमंत्री आज इन्वेस्ट यूपी मेगा रोड शो में भी शामिल हुए।

————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के रेडियोलॉजी डायग्नोस्टिक ब्लॉक में सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और एक्स–रे सुविधाओं का लोकार्पण किया। साथ ही संस्थान के राम प्रकाश गुप्ता मेमोरियल मातृत्व शिशु चिकित्सालय परिसर में तीमारदारों के लिए रैन बसेरा भवन का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन के उपयोग के लिए स्पष्ट नियम बनाए जाएं, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर सुविधा मिल सके। कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार मरीजों और तीमारदारों का बेहतर सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। बाइट.....

*मैं अपने मरीजों की सुविधा के लिए, उनके परिजनों की सुविधा के लिए लगातार सरकार बढ़ोतरी कर रही। यहां पर एक नर्सिंग कॉलेज का भी निर्माण होना है। हॉस्टल का भी निर्माण होना है। इसके अलावा स्पोर्ट्स के क्षेत्र में भी कई निर्माण कार्य होने हैं। लोगों को प्रदेश के लोगों को बेहतर उच्च कोट की चिकित्सा व्यवस्था मिले तथा एमबीबीएस और एमडीएमएस के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले। इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है।*

————————

जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संवाद को अधिक सुगम, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में कल 25 फरवरी से संवाद सेतु व्यवस्था लागू की जाएगी। यह व्यवस्था पायलट प्रॉजेक्ट के रूप में गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज जनपदों में शुरू होगी। समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों को समयबद्ध तैयारियों को लेकर निर्देश दिए हैं।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ हो आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने देश में त्रुटि रहित मतदाता सूची पर जोर देते हुए कहा कि यह किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला है। श्री कुमार ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। बाइट.....

*त्रुटिहीन मतदाता सूची किसी भी लोकतंत्र की नींव होती है। निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू किया है, जिसके अंतर्गत भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार सभी पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया जा रहा है और अपात्र मतदाताओं को बाहर किया जा रहा है।*

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि वर्तमान में 12 राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया चल रही है और इनमें से 11 राज्यों ने अपनी मतदाता सूची प्रकाशित कर दी है।

---

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया है कि प्रदेश के वर्ष 2026–27 के बजट में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का बजट 3402 करोड़ रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग छात्राओं के लिए 60 करोड़ रुपयेकी नई योजना शुरू की गई है जिसके तहतउन्हें ई–ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। बाइट.....

*एक नई योजना प्रदेश के दिव्यांग बच्चियों को उनके जीवन की यात्रा को सुगम करने के लिए मुख्यमंत्री जी ने ₹60 करोड़ की धनराशि का प्रबंध*

*किया है। अब हम दिव्यांग छात्रों को भी ई–ट्राईसाइकिल देकर उन बच्चों की यात्रा को आसान करने का काम करने वाले हैं।*

————————

प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने आज मथुरा के बरसाना में रंगोत्सव दो हजार छब्बीस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। आज ही बरसाना के प्रमुख श्रीजी मंदिर में धूमधाम से लड्डूमार होली खेली गयी। बरसाना की लट्ठमार होली से ठीक एक दिन पहले खेली जाने वाली लड्डूमार होली का ब्रज में विशेष महत्व है। इस दिन नंदगांव के हुरियारों को न्यौता देकर पाण्डा बरसाना लौटता है, जिसका लोग लड्डू फेक कर स्वागत करते हैं। होली के उत्सव को देखते हुए प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये हैं।

————————

कुशीनगर में चल रहे पांच दिवसीय थाई महोत्सव के अंतिम दिन आज भगवान बुद्ध की अस्थि कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में थाई कलाकारों का पारम्परिक नृत्य लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम धार्मिक पर्यटन को नई दिशा प्रदान करते हैं। और जानकारी हमारे प्रतिनिधि से....

*अस्थि कलश समारोह में थाईलैंड के अलावा नेपाल, तिब्बत, उत्तर प्रदेश, लद्दाख और हिमालयी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे बौद्ध धर्मावलंबी शामिल रहे। शोभायात्रा महापरिनिर्वाण मंदिर से निकली जो रामाभार स्तूप में*

*पूजन–वंदन के बाद संपन्न हुई। थाईलैंड से कुशीनगर पधारे लगभग 50 कलाकारों ने पारंपरिक सोम पोथा फ्रा धात नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। शोभायात्रा के दौरान आकर्षक ढंग से सुसज्जित पालकी, कतारबद्ध श्रद्धालुओं की उपस्थिति और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों ने पूरे वातावरण को दिव्य उत्सव में परिवर्तित कर दिया। विवेक कुमार पांडेय, आकाशवाणी समाचार कुशीनगर।*

————————

इंडियन प्रीमियर लीग खेलने वाली उत्तर प्रदेश की टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स ने आज अपना नया लोगो जारी किया। टीम के मालिक शाश्वत गोयनका ने कहा कि लखनऊ और उत्तर प्रदेश के लोगों ने पहले दिन से ही सुपर जायंट्स को पंसद किया है।

————————

मौसम विभाग ने प्रदेश में दो दिनों के बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में धीरे–धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक के बढ़ोत्तरी की संभावना व्यक्त की है। विभाग के मुताबिक आगामी दो मार्च तक मौसम शुष्क रहेगा।

(समाप्त)